>

Title: Need to connect Mavli junction to Marwar junction with broadgauge railway line in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : उत्तर−पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत मेरे लोक सभा क्षेत्र राजसमंद में मावली जंक्शन से मारवाड़ जंक्शन तक वर्तमान में मीटरगेज रेल लाइन बनी हुई है। रेलवे की नीति के अनुसार समान आमान परिवर्तन की नीति है। इसके बावजूद भी मावली से मारवाड़ तक की रेल लाइन को ब्राडगेज में परिवर्तित करने की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। इस रेल लाइन का सर्वेक्षण हो चुका है। यह क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से बहुत बड़ा खनिज क्षेत्र है। इसी क्षेत्र में धार्मिक दृष्टि से श्रीनाथ जी, द्वारकाधीश जी तथा चारभुजा जी जैसे विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं। मावली से मारवाड़ तक की रेल लाइन को ब्राडगेज से जोड़ने पर दक्षिणी राजस्थान का पश्चिमी राजस्थान से सीधा संपर्क हो सकेगा तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राजस्थान का सीमांत क्षेत्र जोधपुर, बाड़मेर तथा बीकानेर क्षेत्र से जुड़ना महत्वपूर्ण हो जायेगा।